आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–14 जनवरी 2026 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि किसान, राष्ट्र निर्माण में सशक्त भागीदार हैं और उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अथक प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने आज सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन के नई दिल्ली स्थित आवास पर आयोजित पोंगल समारोह में कहा कि पोंगल पर्व, जीवंत तमिल संस्कृति और प्रकृति के साथ जुड़ाव का उत्सव है।

हमारे किसान राष्ट्र निर्माण के मजबूत साथी हैं, उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को बहुत मजबूती मिल रही है। केंद्र सरकार भी किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध होकर लगातार काम कर रही है।

****

देश के कई हिस्सों में मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

तिलवत् स्निग्धं मनोऽस्तु वाण्यां गुडवन्माधुर्यम्

तिलगुडलड्डुकवत् सम्बन्धेऽस्तु सुवृत्तत्वम्

मकर संक्रांति सूर्य के धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। मकर संक्रांति को उत्तरायण की शुरूआत भी माना जाता है। आज ही के दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर गमन करता है। मान्यता है कि आज के दिन किए गए दान, जप और स्नान का विशेष महत्व है। आज के दिन लोग पवित्र नदियों में स्नान करते हैं और तिल, गुड़, खिचड़ी, वस्त्र आदि का दान करते हैं। मकर संक्रांति का कृषि क्षेत्र में भी अत्याधिक महत्व है क्योंकि इस समय रबी की फसल पककर तैयार होने लगती है। यह पर्व समाज में भाईचारे और मेल–मिलाप का संदेश देता है। देश के अलग–अलग हिस्सों में मकर संक्रांति अलग–अलग नामों से मनाई जाती है। तमिलनाडु में इसे पोंगल, पंजाब में लोहड़ी, असम में माघ बिहू और गुजरात में उत्तरायण कहा जाता है। यह त्योहार हमें दान, सद्भाव और सकारात्मकता का संदेश देता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को मकर संक्रांति, पोंगल, माघबिहू और लोहड़ी सहित अन्य पर्वों की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह, एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करते हैं।

मकर संक्रांति पर्व को लेकर प्रदेश भर में उत्साह का माहौल है। कई जिलों में यह पर्व श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। श्रद्धालु सुबह से ही राज्य की प्रमुख नदियों के तट पर पहुंच कर श्रद्धा की डुबकी लगा रहे है। हालांकि प्रदेश में मकर संक्रांति का मुख्य स्नान कल है। एक रिपोर्ट–

राज्य के कई हिस्सों में मकर संक्रांति जो कि माघ मेले का दूसरा महत्वपूर्ण स्नान है कल मनाया जाएगा। प्रयागराज के माघ मेला क्षेत्र में स्नान के लिए प्रशासन ने व्यापक व्यवस्था की है। कुल 12,100 फीट लंबाई में स्नान के लिए घाटों का निर्माण किया गया है, जिनमें चेंजिंग रूम, पूल, कियोस्क, शौचालय आदि सभी जरूरी बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं। सुशील चंद्र तिवारी आकाशवाणी न्यूज लखनऊ।

गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में भी मकर संक्रांति कल मनायी जायेगी। वहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस अवसर पर कल तड़के गुरु श्री गोरक्षनाथ के चरणों में परम्परागत रूप से खिचड़ी अर्पित करेंगे। मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा खिचड़ी चढ़ाने का सिलसिला आज से ही शुरू हो गया है। श्रद्धालु गोरखनाथ मंदिर पहुंच कर दर्शन–पूजन कर रहे हैं।

****

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों को स्मार्ट फोन से दूर रखने की अपील की है। एक रिपोर्ट–

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि स्मार्टफोन का उपयोग केवल आवश्यकता अनुसार होना चाहिए। उन्होंने अपील की है कि वाहन चलाते समय स्मार्टफोन का प्रयोग न किया जाए। श्री योगी ने कहा है कि छोटे बच्चों को स्मार्ट फोन के उपयोग से दूर रखें, क्योंकि यह उनकी मानसिक स्थिति को प्रभावित करता है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

वाराणसी में 'महिलाओं में स्तन कैंसर की स्क्रिनिंग अभियान' के तहत नमो शक्ति रथ को आज राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, मंडलायुक्त एस.राज लिंगम और जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 'नमो शक्ति रथ' के जरिए महिलाओं में स्तन कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों को नो टच के माध्यम से पता लगाया जाएगा। यह पूर्णतः निःशुल्क होगा।

****

प्रदेश के पूर्वी हिस्से के कई जिलों में आज भी दिन में धूप निकली, हालांकि गलन भरी ठंड जारी रही। मौसम विभाग ने कल पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं घना कोहरा पड़ने की चेतावनी दी है। साथ ही विभाग की तरफ से सोलह जनवरी को प्रदेश में कुछ स्थानों पर, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कल कहीं कहीं घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है।

****